## जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति सरकार का मूल कार्य :उप मुख्यमंत्री

**मंदसौर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को मल्हारगढ़ में 9 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।**



इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ताए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदारए जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षितए मदनलाल राठौरए जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवालए एसडीएम मल्हारगढ़ श्रीमती स्वाति तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना सरकार का मूल दायित्व है। आज योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिये के सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। उन्होंने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से तहसील से जुड़े सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित होंगेए जिससे राजस्वए नामांतरणए सीमांकनए प्रमाण.पत्र सहित अन्य कार्यों का त्वरित व पारदर्शी निराकरण हो सकेगा। किसानों को खसरा.खतौनीए भूमि विवाद एवं फसल बीमा से जुड़े कार्यों में सुविधा मिलेगी।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि नवीन तहसील भवन से नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और भूमि विवादों का त्वरित समाधान संभव होगा। यह भवन प्रदेश के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित होगा।

## मंदसौर में सुबह घना कोहरा, यातायात प्रभावित

**मंदसौर। बुधवार सुबह मंदसौर जिले में घना कोहरा छाया रहाए जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह के समय दृश्यता काफी कम होने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कई स्थानों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा।**



हालात ऐसे रहे कि शिवना नदी पर कोहरे की घनी चादर छाई रहने से नदी का दूसरा किनारा देख पाना भी असंभव हो गया। सुबह के समय दृश्यता बेहद कम होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में कोहरे का असर इतना अधिक था कि सड़कें और पुल पूरी तरह धुंध में डूबे नजर आए। शिवना नदी के पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ी। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग व प्रमुख मार्गों पर यातायात की रफ्तार काफी धीमी रही। कुछ समय के लिए वाहनों की कतारें भी देखी गईं।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के चलते जिले में तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैए जिससे आगामी कुछ दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा और कड़ाके की ठंड बने रहने की संभावना है। प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे में सावधानीपूर्वक वाहन चलानेए गति नियंत्रित रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

### एक नजर में

## दूषित जल से रहे सतर्कए हमेशा स्वच्छ जल का करें उपयोग

**मंदसौर।** दूषित जल के सेवन से टाइफाईट पीलियाए डायरियोंए पैचिस एवं हेजा जैसी बीमारियां भी फैलती है। अत: भोजन बनाने में एवं पेयजल के रूप में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोवे। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण जल जनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती है। बारिश में यह समस्या बढ़ जाती है। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों को मौटे तौर पर दस्तध्कृमि संक्रमणध्त्वचा और आंखों के रोगध्मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित है।दस्त रोग. दूषित पानी के कारण प्राय: दस्त रोग फैलता है। मुख्य रूप से बच्चों में यह अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है।यह रोग इसलिये भी गंभीर है क्योकि शरीर में से पानी निकल जाने से बच्चे की मृत्यु भी हो सकती है। दस्त रोग की रोकथाम हेतु प्राय: शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध भोजन का उपयोग करें। सड़ेए गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग ना करेंए खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से अवश्य हाथ धोएंए खुले में शौच ना करें शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफसफाई रखेए दस्त लग जाने पर ओण्आरण्एसण् एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने .पीने की वस्तुओं को ढंक कर रखे मक्खीयों से बचाव करेंए हरी सब्जी एवं फलों को उपयोग करने के पहले साफपानी थोकर उपयोग करें।

## जिले के साथ ब्लाक, अनुभाग,तहसील व प्रत्येक पटवारी मुख्यालय स्तर पर भी होगी जनसुनवाई

**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जिला मुख्यालय सहित ब्लाकए अनुभाग व तहसील स्तर पर आम जनता की समस्याओं और आवेदनों के निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को प्रात: 11ण्00 से दोपहर 1ण्00 बजे तक जन सुनवाई आयोजित किये जाने के निर्देश दिए हैं। जिला एवं उपखण्ड स्तर पर प्रति मंगलवार को प्रात: 11ण्00 से दोपहर 1ण्00 बजे तक जन सुनवाई की जाती है। जिले में स्थित ग्राम के निवासियों को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु ग्रामवासियों का अनावश्यक समय एवं आर्थिक नुकसान होता है। प्रति मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित ब्लाकए अनुभाग व तहसील स?तर के साथ .साथ प्रत्येक पटवारी मुख्यालय स्तर पर भी जनसुनवाई का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक ?टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि जिले के समस्त पटवारी अपने .अपने पटवारी मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को प्रात: 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक पर अपने हल्के की जनसुनवाई का आयोजन किया जाना सुनिश्चत करें।

## महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया 8 जनवरी को मंदसौर दौरे पर



**मंदसौर।** अपर कलेक ?टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 8 जनवरी को दोपहर 02रू00 बजे नीमच से मंदसौर के लिए रवाना होंगी। दोपहर 3रू00 बजे मंदसौर आएंगे। तय कार्यक्रम अनुसार महिला एवं विकास विभाग मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया स?थानीय कार्यक्रम में सम?मि?लित होंगी। तत्पश ?चात शाम 5रू00 बजे मंदसौर से झाबुआ के लिए प्रस?थान करेंगी।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक पाटीदार का निधन



**चिल्लोद** पिपलियाध्नाहरगढ। पाटीदार समाज के स्वर्गीय प्रभुलाल पटेल के पुत्र वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक पाटीदार का लम्बी उम्र मे चलते फिरते निधन हो गया। आप हंसमुख व मिलनसार होने से निधन की खबर से क्षेत्र व अंचल मे शोक की लहर दिखाई दी तथा निधन के समाचार की चर्चा हर चौपाल.चौपाल पर होने लगी। उनकी शवयात्रा मे नगरए अंचलए क्षेत्र के समाजजनए शुभचिंतकए समाजसेवीगणए मिलने वाले बड़ी संख्या शामिल होकर मुक्तिधाम पर पंहुच कर श्रृध्दांजली अर्पित की। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र गुणवंत व मुकेश पाटीदार एवं विनोद व पप्पू पाटीदार तथा पाटीदार पटेल परिवार के सभी सदस्य ने मुखाग्नि दी।

## ्विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रविना कंवर चयनित



**मन्दसौर।** प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालयए मन्दसौर की छात्रा कुण् रविना कंवर का चयन 12 से 16 जनवरी 2026 तक मैंगलोर ;कर्नाटकद्ध में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन ;राष्ट्रीयद्ध एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह जानकारी देते हुए एनण्आईण्एसण् जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया रविना कंवर का चयन 16 से 17 दिसम्बर 2025 तक जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालयए उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मीण् बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ हैं। रविना की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ाए प्राचार्य प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय डॉण् जेण् एसण् दुबेए प्राचार्य कन्या महाविद्यालय मन्दसौर डॉण् सुधीर रायजादाए क्रीड़ाधिकारी पीण्जीण् कॉलेज राजू कुमारए क्रीड़ाधिकारी कन्या महाविधालय मनीष पांचालए गजेंद्र जायसवालए समस्त महाविद्यालय स्टॉफएवं सभी साथी खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों ने किया आदर्श ग्राम मैनपुरीया का एक्सपोजर विजिट

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम ;सीएमसीएलडीपीद्ध अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र.छात्राओं द्वारा आदर्श ग्राम मैनपुरीया का शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया।



एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्र.छात्राओं ने ग्राम भ्रमण कर ग्रामीण जीवनशैलीए सामाजिक संरचना एवं उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इसके पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से पार्टिसिपेटरी रूरल एप्रेज़ल ;पीआर, गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें परामर्शदाता सृष्टि शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत समस्याओं की पहचान की गई। छात्र.छात्राओं ने ग्रामीणों से संवाद कर यह समझने का प्रयास किया कि ग्राम में किन.किन क्षेत्रों में विकास की आवश्यकता है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इन आवश्यकताओं की पूर्ति किस प्रकार की जा सकती है। इसके उपरांत ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें छात्र.छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा यह भी बताया गया कि उन्हें वर्तमान में किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्एक पौधा माँ के नामश् अभियान के अंतर्गत आदर्श ग्राम मैनपुरीया के श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर परामर्शदाता रघुवीर सिंह राठौड़, संदीप शर्माए रूपदेव सिंह सिसोदिया, अनिल सुमनए सृष्टि शर्मा, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर दशरथ नायक, पशु प्रेमी ओम बडोदियाए नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि बंशीलाल राठौड़ एवं दिनेश सोलंकीए सुयश गर्ग, प्रदीप धाकड़ उपस्थित रहे।


छात्र.छात्राओं को ग्रामीण विकासए सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 4 खिलाड़ियों का चयन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी 2026 तक सतना में आयोजित होगीए जिसमें भाग लेने वाली विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन वॉलीबॉल महिला टीम मे मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की खिलाड़ियों निशा वाघेलाए हिमशिखा यादवए रितिका बैरागीए जानवी हांडाए का चयन हुआ है यह सभी खिलाड़ी सतना में आयोजित होने वाली राज्य? स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।



खिलाड़ियों के चयन होने पर शासकीय पीण्जीण् कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉण् दिनेशचंद्र गुप्ता एवं पीण्जीण् कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमारए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ाए जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर बंशीलाल बारीवालए पीण्जीण् कॉलेज दलौदा खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाकए शासकीय कन्या कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी मनीष पांचाल एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान एवं सदस्यगण अनिल कियवातए विनय दुबेलाए संदीप खाबियॉए शेर मोहम्मद खानए सज्जन श्रीमालए रोहित शर्माए अनिल पाटीदारए रउफ खानए रितेश पोरवालए अनिल पाटीदारए मिलिंद सांखलाए रंजन छाबड़ाए राजेंद्र सिंहए अभिषेक सेठियाए अक्षय नलवायाए मोहित शर्माए अभिषेक यादवए पंकज मालवीयए आशीष रेठाए चयन मालीए एंब्रोम्जए आस्था भावसारए विनय अग्रवालए संयम चौहानए नमन शर्माए एंब्रोम्ज वॉल्टरए चंदन शर्माए कविता मेघवालए आकृति जैनए नेहा सालवी दिव्यांशी गुप्ताए माधव जोशी व मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के कोच अभिषेक सेठिया ने दी।



## सैनिक स्कूल में पूर्व एनडीए डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल संजीव डोगरा का द्विदिवसीय प्रवास

**मन्दसौर।** सैनिक स्कूल मंदसौर में आज दिनांक 7 व 8 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व उप कमांडेंट मेजर जनरल संजीव डोगरा का दो दिवसीय प्रवास प्रारंभ हुआ। उनके विद्यालय आगमन पर विद्यालय के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उसके उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सैनिक स्कूल गीत के साथ हुआए जिससे सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कैडेट सारांश पांडेय एवं कैडेट अर्शित राज द्वारा किया गया। अतिथि परिचय कैडेट आशुतोष सिंह ने प्रस्तुत कियाए जबकि स्वागत स्कूल कैप्टन कैडेट सनराज पटेल तथा स्पोर्ट्स इंचार्ज कैडेट आदित्य कुमार द्वारा किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में मेजर जनरल संजीव डोगरा ने कैडेट्स को संघर्षए अनुशासन एवं निरंतर प्रयास का महत्व समझाते हुए कहा कि श्जो गिरकर भी खड़ा होता हैए वही व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुँचता है श् उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एनडीए में चयन एवं सफलता के लिए सर्वांगीण व्यक्तित्वकृ शारीरिक दक्षताए मानसिक दृढ़ताए शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नेतृत्व क्षमता अत्यंत आवश्यक है।

प्रथम दिवस पर मेजर जनरल डोगरा ने विद्यालय के विभिन्न स्थान जैसे हॉस्टलए खेल मैदानए ऑब्स्टेकल एरियाए तथा शैक्षणिक ब्लॉक एवं अन्य प्रशिक्षण सुविधाओ का दौरा किया। विद्यालय की अनुशासित कार्यप्रणालीए समर्पित शिक्षक वर्ग एवं मेहनती कैडेट्स को देखकर उन्होंने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय की खुले शब्दों में सराहना की।

यह द्विदिवसीय प्रवास विद्यालय एवं कैडेट्स के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। भ्रमण के दूसरे दिन भी मेजर जनरल डोगरा द्वारा कैडेट्स से संवादए मार्गदर्शन एवं एनडीए से संबंधित महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए जाएंगे। भविष्य में उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं संरक्षण से सैनिक स्कूल मंदसौर एवं कैडेट्स को एनडीए की तैयारी में विशेष लाभ मिलेगा। यह प्रेरणादायी भ्रमण कैडेट्स के आत्मविश्वासए लक्ष्य बद्धता एवं सैन्य जीवन के प्रति समर्पण को नई दिशा प्रदान करने वाला सिद्ध होगा।

इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीखए समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्माए सैनिक स्कूल मंदसौर के प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदीए सभी शिक्षकए इंस्ट्रक्टर एवं कैडेटस गरिमामय उपस्थिति में रहे।

## मंदसौर में कल धूमधाम से मनेगा श्री जगद्गुरु रामानंदाचार्य जन्मोत्सव निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**मंदसौर। दशपुर वैष्णव बैरागी सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वावधान में श्री जगद्गुरु रामानंदाचार्य का जन्मोत्सव समारोह 9 जनवरी 2026ए शुक्रवार को अत्यंत धूमधाम और भक्तिमय भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के प्रचार मंत्री अजय बैरागी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज द्वारा भव्य आयोजन की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।**



उत्सव का शुभारंभ 9 जनवरी को सुबह 9 बजे संजय उद्यानए महाराणा प्रताप चौराहा से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संपन्न होगीए जिसके पश्चात स्वामी रामानंदाचार्य की महाआरती एवं विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में द्वारकाधीश पीठाधीश्वर आदरणीय श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामेश्वर दास महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जरए विधायक विपिन जैनए नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी गुर्जर एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला उपस्थित रहेंगी। यह पूरा आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश दिवाकर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। समिति ने समस्त वैष्णव बैरागी समाज बंधुओं से सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।



## पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया को जन्मदिन पर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण ने दी बधाई

**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताए प्रदेश प्रवक्ता एवं मंदसौर विधानसभा से लगातार तीन बार जीत का परचम लहराकर विकास की गंगा बहाने वाले पूर्व विधायक माननीय यशपाल सिंह सिसौदिया का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा।

सिसौदिया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कचनारा फ्लैग सरपंच हारून कुरैशी एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक शकील खान नूरानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ढोल.नगाड़ों के साथ उनके निवास पर पहुँचे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपने प्रिय नेता को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मुबारक देने वाले प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि सिसौदिया ने मंदसौर विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और वे हर वर्ग के हरदिल अजीज नेता हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री अजीजुल्लाह खान खालिद एडवोकेटए भाजपा दक्षिण मंडल महामंत्री आदिल हसन अंसारीए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के नगर संयोजक सद्दाम गोरीए सहसंयोजक वसीम खान एवं नगर संगठन संयोजक हामिद खान ;जनरेटर वालेद्ध मौजूद रहे। उपस्थित जनों ने सिसोदिया को बेहतरीन शख्सियत एवं हुस्ने.अखलाक का मालिक बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य और दीर्घायु की कामना की।

### एक नजर

**नया आयकर अधिनियम 2025 पुराने कानून का सरलीकृत एवं करदाता.अनुकूल स्वरूप . डॉ. अक्षय जैन**

## मंदसौर में आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**मन्दसौर।** भारतीय प्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में लागू होने जा रहा आयकर अधिनियम.2025 न केवल कानून की भाषा और संरचना को सरल बनाता हैए बल्कि करदाताओं और कर प्रशासन के बीच विश्वासए पारदर्शिता एवं संवाद को भी सुदृढ़ करने का प्रयास करता है।

1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होने वाले इस नए अधिनियम का उद्देश्य कर प्रणाली की जटिलताओं को कम करते हुए एक डिजिटलए करदाता.केंद्रित एवं विवाद.मुक्त कर व्यवस्था स्थापित करना है।

यह विचार उज्जैन परिक्षेत्र.1 के अपर आयकर आयुक्त डॉण् अक्षय जैन ने व्यक्त किए। उन्होंने 7 जनवरी को होटल डायमंडए मंदसौर में आयोजित नए आयकर अधिनियम.2025 पर आधारित आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करा।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक श्री हेमंत सुथार द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में डॉण् अक्षय जैन ने कहा कि नया आयकर अधिनियम.2025 कर प्रणाली को अधिक सरलए पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इसमें आयकर अधिनियमए 1961 की जटिलताओं को दूर करते हुए धाराओं का समेकन एवं सरलीकरण किया गया हैए जिससे कर अनुपालन की प्रक्रिया अधिक सहज होगी। यह अधिनियम छोटे एवं बड़े व्यापारियों के साथ.साथ सामान्य करदाताओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

डॉण् जैन ने जानकारी दी कि नए अधिनियम में श्कर वर्षश् की एक नई अवधारणा लागू की गई है। इसके अंतर्गत अब तक प्रचलित श्पिछला वर्षश् एवं श्मूल्यांकन वर्षश् जैसे तकनीकी शब्दों को समाप्त कर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की एक ही स्पष्ट अवधि निर्धारित की गई है।

उन्होंने नए अधिनियम में किए गए विभिन्न प्रावधानोंए उपलब्ध कटौतियों तथा इस कानून को लाने के उद्देश्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान भी किया गया।